राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी)

एनएमडीएफसी
NMDFC

(भारत सरकार का उपक्रम, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय)

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से एनएमडीएफसी **'उस्ताद'** योजना के बैनर तले **'भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2016'** में भाग ले रही है। इस मेले में अल्पसंख्यक जैसे मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी और जैन समुदायों के दस्तकारों को बाजार के साथ–साथ अपने उत्पाद बेचने के अवसर प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक कारीगर को निःशुल्क एकल/साझा स्टाल दिया जाएगा। एनएमडीएफसी, इस प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए अपने खुद के बनाए गए उत्पादों के प्रदर्शन/मार्केटिंग एवं बिक्री में रुचि रखने वाले वैयक्तिक दस्तकारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करती है। यह प्रारूप एनएमडीएफसी की वेबसाइट www.nmdfc.org पर उपलब्ध है। **विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन प्रबंधक (एच एंड ए), एनएमडीएफसी को संबोधित करते हुए कोर–1, पहली मंजिल, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–92 को भेजें। आवेदनकर्ता, लिफाफे पर 'आवेदन आईआईटीएफ 2016 में भाग लेने के लिए' का वाक्य जरूर लिखें। विधिवत रूप से भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर 2016 है। कृपया इस बात का ध्यान रहे कि केवल निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन भेज देने से आप इस मेले में चयन के हकदार नहीं हो जाएंगे। राज्य/राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित दस्तकारों को प्राथमिकता दी जाएगी।** चुने गए दस्तकारों को इसकी सूचना एनएमडीएफसी द्वारा उचित समय पर दे दी जाएगी।